NEWS / फटाफट

श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

रुड़की। जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें याद किया अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण ब्यूरो की ओर से तहसील परिसर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 116 वीं जयंती पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। मुख्य अतिथि आरएसएस के विभाग संयोजक रामेश्वर प्रसाद ने कहा स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुशील त्यागी एवं ब्यूरो प्रभारी नवीन जैन ने उनके बलिदान और देश के प्रति समर्पण को याद करते हुए कहा कि मुखर्जी के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम को शोभाराम प्रजापति, श्यामवीर सैनी, लिल्लु सिंह ने संबोधित किया। इस मौके पर जेपी शर्मा, अनुज, सुभम, सुधीर शर्मा, विशाल वर्मा, पंकज जैन, गजेंद्र कुमार, गजे सिंह सैनी, आस मोहम्मद, राजेन्द्र आदि मौजूद रहे।

खेतों में मिला नकली दवाइयों का जखीरा

भगवानपुर। मक्खनपुर में नकली दवा का जखीरा मिलने के दो दिन बाद ही गुरुवार को खेलपुर रोड पर सड़क किनारे बड़ी तादात में लावारिस दवाएं मिलीं। इनमें सिरप, टैबलेट, कैप्सूल आदि शामिल हैं। सूचना पर पुलिस दवा को एक वाहन में भरकर थाने ले आई। ड्रग इंस्पेक्टर सूचना के घंटों बाद मौके पर पहुंचे। पुलिस आशंका जता रही है कि गुनाह छिपाने के लिये आरोपियों ने नकली दवा का जखीरा फेंका है। इधर ड्रग इंस्पेक्टर ने सैंपल लेकर दवा नष्ट कराने की बात कही है। जयपुर राजस्थान में भगवानपुर मक्खनपुर में बनी कुछ दवा के सैंपल फेल होने पर दो रोज पहले जयपुर से आई ड्रग कंट्रोलर की टीम ने स्थानीय औषधि विभाग के साथ मिलकर मक्खनपुर में छापेमारी की थी। यहां कुछ दुकान और गोदाम से बड़ी तादात में नकली दवा का जखीरा मिला था। पैकिंग सामग्री आदि सील कर मकान मालिक ईशा निवासी वाजिद मार्केट मक्खनपुर और ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक मंजीत निवासी वदावर हरियाणा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

सरकारी अस्पताल बचाने को प्रचार

डोईवाला। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र डोईवाला को निजी अस्पताल को सौंपने से नाराज कार्यकर्ताओं का 24वें दिन भी धरना-प्रर्दशन जारी रहा। युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव विक्रम नेगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार की संवेदनाएं मन चुकी हैं।मनमोहन नौटियाल, संजय सिंह ने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए वाहन से प्रचार प्रसार भी किया गया। मौके पर अर्जुन बिष्ट, गोपाल पंवार, बलविंदर कौर, स्वतंत्र बिष्ट, अख्तर हसन, मंजीत सिंह, महेश लोधी, दुर्गादत्त बंगवाल, प्रियेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

चौकी की दीवार ध्वस्त

लंढौरा। नवनिर्मित लंढौरा पुलिस चौकी की एक साइड की दीवार पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। उक्त दीवार गत वर्ष भी गिर गई थी। लंढौरा रेलवे स्टेशन के पास दो साल पहले कई लाख रुपये की लागत से भवनों और चहारदीवारी का निर्माण कराया गया था। निर्माण के कुछ समय बाद ही एक साइड की दीवार गिर गई। जिसके बाद ठेकेदार ने दीवार का निर्माण कर दिया था। बुधवार शाम को हुई बारिश के दौरान चौकी की एक साइड की 100 मीटर अधिक लंबाई वाली दीवार धराशायी हो गई।

मुबंई में खुलेगा शिवसेना का जनसंपर्क आफिस

देहरादून। उत्तराखंड के प्रवासी प्रदेशवासियों के लिए मुंबई के थाने क्षेत्र में उत्तराखंड शिव सेना का जनसंपर्क कार्यालय खोला जा रहा है। शिव सेना उत्तराखंड प्रदेश प्रमुख गौरव कुमार ने गुरुवार को मुबंई रवाना होने से पहले बताया कि जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री एकनाथ संभाजी शिंदे करेंगे।

कांवड़ में पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा पालीथीन: दीपक रावत

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

हरिद्वार। जिलाधिकारी दीपक रावत ने मुख्य नगर आयुक्त, नगर निगम हरिद्वार को निर्देश दिये कि कांवड़ मेले के दौरान किसी भी दशा में पॉलीथीन बैग का इस्तेमाल न किया जाए तथा पॉलीथीन बैग के व्यापक रोकथाम एवं उस पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के लिए सम्पूर्ण मेला क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्र में साइनेज बोर्ड लगाकर एवं व्यापक प्रचार प्रसार अर्थात मुनादी आदि कराकर भी पॉलीथीन बैग की रोकथाम कराना सुनिश्चित करें।

साथ ही वर्तमान कांवड़ मेला अवधि में तथा कांवड़ मेला समाप्ति के पश्चात भी किसी व्यापारी एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा पॉलीथीन का इस्तेमाल या उसका प्रयोग किया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार अर्थदण्ड की वसूली सुनिश्चित की जाये तथा नगर निगम क्षेत्र में समय-समय पर पॉलीथीन की रोकथाम एवं उसके चलन की रोकथाम हेतु स्वयं औचक निरीक्षण कर उसको प्रतिबंधित किया जाए।

यदि जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान कोई व्यापारी या अन्य व्यक्ति पॉलीथीन का प्रयोग करते हुए पाया जाता है, तो उसके संबंध में मुख्य नगर आयुक्त, नगर निगम, हरिद्वार के विरूद्ध भी नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होंगे।

अच्छी खबर

- जिलाधिकारी ने दिए नगर निगम के आयुक्त को निर्देश

कांवड़ को लेकर शांति बैठक आयोजित

लंढौरा। चौकी प्रभारी ने कांवड़ यात्रा को लेकर जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों के साथ बैठक की। जिसमे कांवड़ यात्रा के दौरान मीट की दुकानें बंद रखने व सफाई व्यवस्था दुरुस्त बनाने के निर्देश दिए गए। लंढौरा में रुड़की, लक्सर और मंगलौर पर छह से अधिक कच्चा और पक्का मीट बेचने की दुकानें हैं। कावड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार पहुंचने के यात्रियों का रूट लंढौरा को डायवर्ट कर दिया जाता है। गुरुवार को चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार ने कहा कि 10 जुलाई से कावड़ यात्रा शुरू हो रही है। कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान मीट दुकाने बंद रखे। साथ ही मार्ग पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने पर भी जोर दिया गया। इस मौके चेयरमैन खलील अहमद, सभासद नसीम, याकूब अली, तौफीक, भाजपा नेता प्रेमगिरि, चेयरमैन विनोद कुमार, मोहम्मद कामिल, प्रदीप कुमार, डॉ. पहल सिंह, असगर अली, कौशर अली, नवाब समेत कई दर्जन लोग मौजूद रहे।

शिवभक्तों का आना शुरू

रुड़की। भले कांवड़ यात्रा की शुरुआत 9 जुलाई से हो, लेकिन शिक्षानगरी में शिवभक्तों का आगमन प्रारंभ हो चुका है। जल्द ही कांवड़ पटरी पर पुलिस भी मोर्चा संभाल लेगी, लेकिन अभी तक कांवड़ पटरी पर व्यवस्थाएं अधूरी हैं। सड़क में गड्ढे हैं तो दो दिन पहले पथ प्रकाश के लिये लगायी बल्लियां भी गिर चुकी हैं। साथ ही पानी का भी कोई इंतजाम नहीं है। प्रशासन की ओर से पैदल कांवड़ यात्रियों को कांवड़ पटरी से होते हुये उत्तर प्रदेश की सीमा में भेजा जाता है। इस बार भी प्रशासन की ओर से कांवड़ पटरी को यात्रा प्रारंभ होने से पहले दुरुस्त करने का दावा किया गया। गढ़वाल मंडल आयुक्त विनोद कुमार शर्मा दो बार कांवड़ पटरी का निरीक्षण कर हिदायत दे चुके हैं। इसके अलावा पुलिस अधिकारी भी लगातार कांवड़ पटरी का निरीक्षण कर रिपोर्ट दे रहे हैं, लेकिन अभी तक कांवड़ पटरी पर सुविधाएं विकसित नहीं की गई हैं।

अतिक्रमणकारियों को हटाने का काम जारी

रुड़की। प्रशासन की ओर से गुरुवार को भी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहा। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने कांवड़ पटरी पर कई स्थानों पर कब्जाई गई जमीन को मुक्त करा लिया। कलियर मेटाडोर स्टैंड पर अतिक्रमण का विरोध करते हुए दुकानदार टीम से भिड़ गए, लेकिन पुलिस ने लाठियां फटकारते हुए विरोध कर रहे लोगों को मौके से हटा दिया। करीब दो दशक के बाद सिंचाई विभाग अपनी भूमि को कब्जा मुक्त करा पाया। पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने डीएम को निर्देश दिए थे कि सरकारी जमीनों से अतिक्रमण को पूरी तरह से हटाया जाए। सभी विभागों से समन्वय बनाकर काम किया जाए। इसके बाद प्रशासन ने उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग को पर्याप्त संख्या में पुलिसबल उपलब्ध करा दिया। तीन दिन से उप्र सिंचाई विभाग कांवड़ पटरी से अतिक्रमण को हटा रहा है। गुरुवार को उत्तरीखंड गंगनहर के अधिशासी अभियंता सीबी यादव, सहायक अभियंता अवधेश शर्मा के नेतृत्व में टीम ने वोट क्लब पर बनी 40 अस्थायी दुकानों को हटा दिया।

निगेटिव न्यूज/ सिर्फ वही नकारात्मक खबर जिसके बारे में आपको जानना आवश्यक हो

प्रशासनिक टीम और व्यापारियों में तानातनी

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

हरिद्वार। कांवड़ को लेकर अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासन, नगर निगम और पुलिस प्रशासन के साथ व्यापारियों का जोरदार टकराव हुआ। व्यापारियों के साइन बोर्ड और स्लैब तोड़ने पर व्यापारी नाराज हो गए और व्यापारी नेताओं की मौजूदगी में प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस के साथ जमकर नोंक-झोंक हुई।

व्यापारियों ने प्रशासन पर गलत तरीके से कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी की और अपर रोड से लेकर हरकी पैड़ी तक बाजार को बंद करा दिया। व्यापारियों और प्रशासन के बीच टकराव की बड़ी स्थिति बन गई। हालांकि प्रशासन ने विरोध के बाद कार्रवाई से कुछ पीछे हाथ खींच लिया। फिर तय हुआ कि नगर निगम की ओर से एक लाल लाइन खींची जाएगी उससे बाहर अतिक्रमण पर कार्रवाई को प्रशासनिक टीम स्वतंत्र होगी। जिस पर व्यापारियों ने अपनी सहमति दी। कांवड़ मेले को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट जय भारत सिंह, सीओ मनोज, नगर आयुक्त अशोक पांडेय टीम के साथ दोपहर के वक्त अपर रोड पर जेसीबी लेकर पहुंचे। जेसीबी से अपर रोड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हुई। प्रशासनिक टीम ने व्यापारियों के स्लैब को उखाड़ना शुरू कर दिया। दुकान के आगे बरसात से बचने को लगाए गए शेड को भी तोड़ा गया। इसके बाद दुकान के साइन बोर्ड को उखाड़ा जाने लगा। जिस पर कुछ व्यापारियों ने इसका विरोध किया। इतनी देर में यह खबर व्यापारी नेताओं तक पहुंच गई।

कुछ ही पलों में आक्रोशित व्यापारी नेता संजीव नैय्यर, सुरेश गुलाटी, कमल बृजवासी, शिव कुमार कश्यप, बिट्टू पालीवाल, संजय, राकेश खन्ना, राजकुमार, अनुज, संजय अग्रवाल सहित बड़ी तादाद में व्यापारी नेता मौके पर पहुंच गए। प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध करने लगे। जिस पर प्रशासनिक अधिकारी कांवड़ का हवाला देकर अतिक्रमण हटाने पर अड़े रहे। लिहाजा व्यापारी भड़क गए और व्यापारियों की प्रशासनिक टीम से नोंक-झोंक होने लगी। हंगामे और टकराव की बन रही स्थिति के बीच बड़ी तादाद में व्यापारी एकत्रित हो गए। प्रशासनिक टीम के खिलाफ नारेबाजी होने लगी और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसके बाद फिर अधिकारियों और व्यापारी नेताओं के बीच बातचीत हुई।

गुस्सा

- कांवड़ मेले को लेकर अतिक्रमण हटाने के दौरान जमकर हुई नोंक-झोंक
- बाजार बंद कराया
- नाराज व्यापारियों ने अपर रोड से हरकी पैडी तक बाजार बंद कराया

कुछ स्थानों पर ही कार्रवाई क्यों

हरिद्वार। अतिक्रमण हटाने के बाद व्यापारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के सामने बड़ा सवाल भी उठाया। उनका कहना था कि अपर रोड से लालतारो पुल और हरकी पैड़ी तक ही बार-बार अतिक्रमण विरोधी अभियान क्यों चलाया जाता है। रेलवे रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान पीछे चला, लेकिन फिर अतिक्रमण हो गया। चित्रा टाकीज के बाहर अभियान चला, लेकिन फिर अतिक्रमण हो गया। देवपुरा पर अभियान नहीं चलाया जाता। रोडीबेलवाला में बड़े-बड़े बल्ब लोग जला रहे हैं। गैर कानूनी तरीके से दुकानें चल रही हैं, उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती, लेकिन अपर रोड, लालतारो और हरकी पैड़ी क्षेत्र के व्यापारी जो पूरा राजस्व, बिजली का बिल सहित सबकुछ देते हैं उन्हें बार-बार परेशान किया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ व्यापारियों ने प्रदेश सरकार और शहर के कुछ जनप्रतिनिधियों पर इस ओर बैर-भाव रखने का भी आरोप लगाया। उनका आरोप था कि जान बूझकर अपर रोड से हरकी पैड़ी तक के व्यापारियों को निशाना बनाया जाता है। व्यापारियों ने साफ चेताया कि यदि बार-बार उन्हें बिना किसी वजह के छेड़ा गया तो वे निश्चित तौर पर कोई बड़ा आंदोलन खड़ा करेंगे।

तय हुआ कि नगर निगम लाइन दुकानों के बाहर खींच दे। इससे बाहर कोई भी अतिक्रमण हो उस पर प्रशासनिक अधिकारी कार्रवाई करें। व्यापारियों का उसमें कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। इस पर बात पर दोनों ओर से सहमति बनी और व्यापारियों ने दुकानें दोबारा खोल ली।

भाजपा ने जिले में कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

डोईवाला। भाजपा परवादून ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। भानियावाला में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शमशेर सिंह पुण्डीर ने विधानसभा ऋषिकेश से रविंद्र राणा और रायपुर से वीर सिंह चौहान को जिला उपाध्यक्ष, डोईवाला से दिनेश सजवाण, श्यामपुर से गणेश रावत और ऋषिकेश से संजय चौधरी को जिलामंत्री नियुक्त किया गया है। धर्मपुर से नागेंद्र कुंवर को जिला सह मीडिया प्रभारी बनाया गया है। श्यामपुर से राजेश जुगलाण, ऋषिकेश से मुरली कंडवाल, रायपुर से गंभीर सिंह राणा और डोईवाला से लाखन सिंह सोलंकी को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

वहीं रायपुर से कपिल वोहरा विधि प्रकोष्ठ, डोईवाला से विपुल मैंदोली को बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ जिला संयोजक, दरपान बोहरा संयोजक, धर्मेंद्र चौहान, कुंवर सिंह को व्यवसायिक प्रकोष्ठ सहसंयोजक, डा. राकेश सूद को संयोजक, शैलेंद्र कुमार, राकेश तिवारी सह संयोजक, सुभाष रावत संयोजक, अनुज गुप्ता, धनीराम नैनवाल आर्थिक प्रकोष्ठ सह संयोजक, उदय पुण्डीर सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक, सुबोध नौटियाल, नरेंद्र सिंह पंवार सह संयोजक, विवेक उनियाल पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ संयोजक, गीताराम जोशी, गोपाल रावत सह संयोजक, नरेंद्र सिंह झब्बू भाई सांस्कृतिक संयोजक, नरेश उनियाल, विशम्बरदत्त सेमवाल सह संयोजक, महावीर सिंह शिक्षक प्रकोष्ठ संयोजक, प्रीतम सिंह, प्रवीन सहसंयोजक, अनुज कौशल व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक, रविंद्र सैनी सहसंयोजक, संजय खत्री संयोजक गोरखा प्रकोष्ठ, भूपेंद्र थापा सहसंयोजक, चंद्रमणी शुक्ला धर्म संस्कृति पर्यटन प्रकोष्ठ संयोजक नियुक्त किया गया है।

विस्तार

- केंद्र के 3 वर्ष और राज्य के 100 दिन की उपलब्धि पहुंचाएंगे घर-घर

किसान मोर्चे को भी जिम्मेदारी

डोईवाला। भाजपा किसान मोर्चे के जिलाध्यक्ष दिनेश चौहान ने अनुप सोलंकी को जिला उपाध्यक्ष रूपचंद शर्मा को जिलामंत्री युक्त किया गया है।

हरेला पर्व और कांवड़ मेला हो निर्विघ्न संपन्न

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

हरिद्वार। हिन्दू जागरण मंच की बैठक सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर-2 में आयोजित की गई। बैठक में हरेला पर्व, कावंड़ यात्रा निर्विघ्न सम्पन्न कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

हिन्दू जागरण मंच के प्रान्त संगठन मंत्री भगवान कार्की ने कहा कि हरेला पर्व पूरे उत्तराखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। हरिद्वार जिले में हरेला पर्व के अन्तर्गत 10 हजार पौधों को विभिन्न गंगा घाटों, विभिन्न चौराहों व मार्गो पर लगाया जायेगा। हरिद्वार के महानगर अध्यक्ष आर्यन उपाध्याय ने कहा कि हरिद्वार जिले में बढ़ रही हिन्दु विरोधी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हिन्दू जागरण मंच संगठित होकर कार्य करेगा। बैठक में हिमांशु सरीन, विकास कुमार, शिव कुमार, गगन खट्टर सचिन राजपूत, सुभाष सैनी, आदित्य राणा, राकेश सैनी, निखिल सैनी, अभिषेक आर्य, अरूण सैनी, आदि उपस्थित रहे।

तटबंध नहीं होने से खेत में घुसा पानी

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

धनौरी। बुग्गावाला क्षेत्र में रतमऊ नदी किनारे तटबंध नहीं होने से पानी किसानों के खेतों में खड़े गन्ने को अपनी चपेट में ले लिया है। जिससे किसानो का सैकड़ों बीघे गन्ने की फसल बर्बाद होती जा रही है। बुग्गावाला क्षेत्र के लालवाला गांव के पास को रतमउ नदी गुजरती है। नदी के आसपास किसानों के खेत है। नदी किनारे तटबंध नहीं होने से नदी का रुख किसानों की उपजाऊ भूमि और कर गया है। जिससे खड़ा गन्ना, धान, बाजरा, खीरे आदि फसले बर्बाद हो रही है। नदी में पानी अधिक आने से किसानों में हड़कम्प मचा हुआ है।

उन्होंने बताया की क्षेत्र में खेती बाड़ी के अलावा व्यवसाय का संकट खड़ा हो जायेगा। लालवाला गांव के ग्राम प्रधान ताहीर हसन ने बताया है कि नदी का रुख बदलने से आस पास के खेतों को खतरा बना हुआ है। कई बार सिंचाई विभाग को शिकायती पत्र भेजे है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है।

अब मिस काल देकर बनें समिति के सदस्य

सहकारिता के जरिए सरकार की योजनाओं का उठाएं लाभ : विधायक

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

बहादराबाद। जमालपुर कलां किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड के प्रांगण में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के हित में अनेकों अनेक कार्य कर रही है। जहां बीज और खाद पर सब्सिडी देकर सरकार किसानों को प्रोत्साहित कर रही है वहीं एक लाख रुपए तक के लोन किसानों को दो प्रतिशत पर राज्य सरकार दे रही है। उन्होंने कहा आने वाला समय सहकारिता का है। जिला सहायक निबन्धक सुभाषचंद्र गहतोड़ी ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में सभी को आगे बढ़कर मिलजुल कर काम करना होगा सहकारिता के माध्यम से किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए और सरकार अब सहकारी समितियों को बहुउद्देशीय समितियां बनाने जा रही है। जिसके अंतर्गत समितियां कोई भी कार्य कर सकती है जैसे पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी आदि अन्य घरेलू उपयोग की वस्तुओं को भी सहकारी समितियों पर बेचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि अब किसान मिसकॉल के माध्यम से सहकारी समितियों के सदस्य बन सकेंगे सहकारी समितियों का उद्देश्य सबका विकास

करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जमालपुर कला सहकारी समिति के सभापति कृष्णपाल सिंह ने कहा कि अब केंद्र व राज्य सरकार सहकारी समितियों पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं सहकारिता के उत्थान से प्रदेश एवं देश का विकास होगा। इस दौरान एडीओ आरके सुमन, समिति के प्रबन्ध निदेशक मदनलाल, अनिल कुमार, रविन्द्र कुमार, विपिन, अभिषेक, बसन्त, विनय, रोहित, कोमल, नाथीराम, बलवंत सिंह चेयरमैन राजपाल सिंह, देवेंद्र प्रधान, विनोद यादव, विपुल चौधरी आदि मौजूद रहे।,

गुस्सा/ गांधी पार्क में धरना देकर बीजेपी सरकारों पर किए प्रहार

किसानों के मुद्दे पर लाल हुई कांग्रेस

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

देहरादून। प्रदेश में किसानों की समस्याओं के मुद्दे को लेकर बीजेपी सरकार को घेरने के लिए उत्तराखंड के कांग्रेसी धरने पर बैठे। गुरुवार को प्रदेश खेतहर मजदूर किसान कांग्रेस के आह्वान पर इस धरना कार्यक्रम में कांग्रेसी नेताओं ने खनन और शराब के मुद्दे पर भी प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। इस दौरान बीजेपी सरकार को किसान विरोध करार दिया गया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने हिस्सा लिया। प्रदेश के कई हिस्सों से दिग्गज नेता देहरादून पहुंचे थे।

धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार किसानों की उपेक्षा हो रही है। वे आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। ऋण माफी के नाम पर मजाक हो रहा है। इसलिए, कांग्रेस किसानों की आवाज मजबूती से उठाने के लिए आगे आई है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद खनन माफिया हावी हो गया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने झूठे वायदे कर सत्ता हथियाने का काम किया है। चुनाव से पहले बीजेपी ने प्रदेश के किसानों से जो वायदे किए गए थे, उनको पूरा किया जाना चाहिए। उत्तराखंड में पहली बार किसान आत्महत्या कर रहा है, जो कि काफी गंभीर मामला है।

पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसान विरोधी है, इसलिए, पूरा देश किसाना आंदोलन की आग से सुलग रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार अपने वायदे से ही मुकर गई है, जो राज्य के किसानों के साथ धोखा है। वसूली के नोटिस से किसान को हार्ट अटैक हो गया। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर, महिला, गरीब और दलित के साथ जब भी अत्याचार होगा कांग्रेस उनकी आवाज उठाएगी। नेता प्रतिपक्ष इंदिरा हृदयेश ने कहा कि भाजपा सरकार जगह-जगह शराब बिकवाकर देवभूमि को कलंकित कर रही है। उन्होंने कहा कि गंगाजल कम पड़ जाएगा इनके कलंक साफ करने में। जगह-जगह गलियों में शराब बेची जा रही है। कहा कि भाजपा सरकार अपने वादे पर नहीं उतर रही है। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने धरने में उपस्थित किसानों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार की किसान विरोधी नीतियों के चलते किसान आत्महत्या कर रहा है। धरने का संचालन पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने किया। धरना कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश सह प्रदेश सहप्रभारी संजय कपूर, विधायक काजी निजामुद्दीन, पूर्व मंत्री दिनेश अग्रवाल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरिता आर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष जोत सिंह बिष्ट, अनुसूइया प्रसाद मैखुरी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष भुवन कापड़ी, एनएसयूआई अध्यक्ष श्याम सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष हिमांशु विज्लवाण, पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट, राजेन्द्र सिंह भंडारी, मदन सिंह बिष्ट, राजकुमार, विजय सारस्वत, जिला पंचायत अध्यक्ष चमन सिंह, महन्त विनय सारस्वत आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नाराजगी

- झूठे वायदों से सत्ता हथियाने का काम किया : प्रीतम
- किसान विरोधी है केंद्र और प्रदेश की सरकार: हरदा

मेले भत्ते के भुगतान को सौंपा ज्ञापन

हरिद्वार। संयुक्त कर्मचारी मोर्चा जनपद हरिद्वार उत्तराखंड के कर्मचारियों ने मेयर मनोज गर्ग को मेला क्षेत्र में आने वाले राजकीय, निगमों, निकायों के कर्मचारियों को अर्द्धकुंभ मेला 2016 के मेले भत्ते का भुगतान मेला निधि से कराये जाने की मांग की गई। मोर्चा के मुख्य संयोजक दिनेश लखेड़ा ने कहा कि जल्द से जल्द मेला भुगतान किया जाये। कई बार आश्वासन मिलने के बावजूद भी अब तक कर्मचारियों को मेला निधि से मेला भुगतान नहीं हो पाया है, जबकि कर्मचारी अर्द्धकुंभ मेले में अपनी सेवायें दे चुके हैं, आगे भी कई मेले कर्मचारियों के सहयोग से निर्विघ्न सम्पन्न किये जाते रहे हैं। कर्मचारियों को मेयर मनोज गर्ग ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही वार्ता कर समस्या का समाधान किया जायेगा। ज्ञापन सौपने वालों में टंकार कौशल, सुरेन्द्र तेश्वर दिनेश लखेड़ा, शिवनारायण देशराज आदि थे।

डीएम के निर्देश पर कॉम्पलैक्स की दुकानें सील

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

रुड़की। हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रुड़की के बीटी गंज में बनाई गई पांच मंजिला इमारत की कई दुकानें सील कर दी।

हालांकि मौके पर पहुंची टीम को व्यापारियों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। व्यापारियों का कहना है कि विधायक और मेयर की लड़ाई में हम पिस रहे है। रुड़की में बनाये गए इस भवन की शिकायत विधायक प्रदीप बत्रा ने शासन से की थी। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि मेयर यशपाल राणा ने नगर निगम की भूमि का गलत तरीके से अपने और तीन साथियों के नाम बैनामा करवा लिया है। शासन ने इसकी जांच जिलाधिकारी हरिद्वार दीपक रावत को सौंपी थी। जिलाधिकारी ने बीते सोमवार को नगर निगम व तहसील पहुंचकर उक्त भूमि के कागजात की जांच करवाई तो उसमें वह आवासीय भूमि निकली और जमनादास को लीज पर दी गयी थी। जिसकी लीज 1995 में समाप्त हो गयी और वह सरकारी हो गयी।

जिलाधिकारी ने मौके पर जांच की तो उस भूमि पर पांच मंजिला व्यवसायिक इमारत पाई गई और जांच में पाया गया कि इसका नक्शा भी पास नहीं है। जिलाधिकारी ने एचआरडीए को भवन सील करने आदेश जारी किये थे। जिसके तहत आज एचआरडीए की टीम एई विजय माथुर एवं जेई अजय मालिक व तहसीलदार मंजीत सिंह के नेतृत्व में भवन को सील करने पहुंची। लेकिन व्यापारियों ने एकजुट होकर इसका विरोध किया। व्यापारियों के विरोध को देखते हुए पूरे काम्प्लेक्स में वो ही दुकान सील की गई। जो खाली थी जिसमे कोई कारोबार नहीं हो रहा था।